भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

मासिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

Title : HARHIN/11578

यमुना संदेश

राष्ट्रीय समाचार पत्र (हिन्दी)

सच की राह

समाचार पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें

मुख्य सम्पादक
सत्यम नागपाल

कानूनी सलहाकार : साहब सिंह गुर्जर एडवोकेट - 9355331505
कानूनी सलहाकार : कौशल कुमार एडवोकेट - 9355498992
मिडिया सलहाकार : शालू नागपाल, जनसम्पर्क अधिकारी: नितिन नागपाल

Regd. Registrar Newspaper of India Ministry of Information & Broadcasting

367-F, PROFESSORCOLONY, YAMUNA NAGAR-135001 (HARYANA)

यमुनानगर से प्रकाशित
(M) : 93155- 55560, 93557-77739
संरक्षक : डा विजय दहिया
समाचार सम्पादक : अनिल गुप्ता - 9599467688, सह-सम्पादक :अमित मंक्टट
उप- सम्पादक : विक्रम सिंह - 9468091563, सैम अली, दिल्ली

वर्ष 1 | अंक 5 | रविवार 13 अप्रेल 2025 | पृष्ठ 8 | मूल्य 10.00 प्रति कापी

यमुना संदेश सत्यम नागपाल :- विकसित भारत-विकसित हरियाणा समारोह बना हरियाणा के विकास का साक्षी हरियाणा वासियों को मिली 10 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यमुनानगर में दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट में 800 मेगावाट की तीसरी इकाई का किया शिलान्यास

यमुनानगर में गोबर-धन संयंत्र का शिलान्यास और रेवाड़ी बाईपास का भी किया उद्घाटन

यमुनानगर, 14 अप्रैल - संविधान शिल्पी बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेशवासियों को विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट, यमुनानगर में लगभग 8469 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 800 मेगावाट की तीसरी इकाई का शिलान्यास किया। इसके अलावा, यमुनानगर में 90 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाले गोबर-धन संयंत्र का शिलान्यास और लगभग 1069 करोड़ रुपये से निणमत रेवाड़ी बाईपास का भी उद्घाटन किया।

समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब ऋसह सैनी, केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल, केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्यमंत्री राव इंद्रजीत ऋसह, केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री `ष्ण पाल, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री अनिल विज, श्री`ष्ण लाल पंवार और श्री श्याम ऋसह राणा भी मौजूद रहे।

ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हरियाणा पावर जनरेशन कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीजीसीएल) को दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट, यमुनानगर में 800 मेगावाट की तीसरी इकाई स्थापित करने की अनुमति दी गई। यह परियोजना यमुनानगर में दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्रोजेक्ट में 2 गुणा 300 मेगाव□ट इकाइयों वाले मौजूदा संयंत्र का विस्तार है। इस तीसरी इकाई के निर्माण के लिए 233 एकड़ भूमि का उपयोग किया जाएगा। इस परियोजना को पूरा करने के लिए 52 महीने की समय सीमा तय की गई है, जबकि वाणिज्यिक संचालन 48 महीनों के अंदर यानी मार्च, 2029 तक शुरू हो जाएगा। इस इकाई से हरियाणा की घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,382 मेगाव□ट तक बढ़ जाएगी।

रेवाड़ी बाईपास का उद्घाटन

रेवाड़ी बाईपास परियोजना को भारतमाला परियोजना के अंतर्गत हाइब्रिड एन्युइटी मोड पर लगभग 1069 करोड़ रुपये से विकसित किया गया है। यह चार लेन का बाईपास रेवाड़ी शहर के चारों ओर बनाया गया है, ताकि शहर की ट्रैफिक भीड़ को कम किया जा सके। यह बाईपास कुल 14.4 किलोमीटर लंबा है। यह एन.एच.-352 जंक्शन से शुरू होकर नारनौल की दिशा में एन.एच.-11 से जुड़ता है। यह परियोजना रेवाड़ी शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या को हल करने और नारनौल से बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे यात्री और माल ढुलाई दोनों के लिए सफर और भी सुविधाजनक और समयबद्ध होगा। बाईपास, ऋरग रोड और अन्य अवसंरचना विकास के माध्यम से मौजूदा और प्रस्तावित दोनों क□रिडोरों की दक्षता बढ़ेगी, जिससे माल परिवहन व यातायात की सुगमता बढ़ेगी। वहल, नारनौल से दिल्ली तक यात्रा भी सुगम होगी।

सभी प्रकार के आप्रेशनों के लिये वर्षो से मशहूर
राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सर्जन डा.अनिल अग्रवाल द्वारा संचालित
अग्रवाल हस्पताल
ECHS
आयुष्मान भारत,BSNL व भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिवारों का ईलाज किया जाता है
व सभी प्रमुख बीमा कम्पनी की यहां कैशलैश सुविधा उपलब्ध है।
स्पैशलिस्ट :
पथरी, रसौली, कैंसर, बवासीर, डिलीवरी, चर्म रोग विशेषज्ञ
सभी प्रकार के आप्रेशन किये जाते है
पता : मेन रोड, नजदीक होटल सफायर, जगाधरी, यमुना नगर हरियाणा
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें M. 7988501840 , Ph. 9355550000

देशवासियों को बैसाखी पर्व की हार्दिक बधाई

श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री
हरियाणा

श्री श्याम सिंह राणा
कृषि मंत्री
हरियाणा

श्री मति सुमन बहमनी
मेसर
यमुनानगर



श्री घनश्याम दास
विधायक
यमुनानगर

श्री अकरम खान
विधायक
जगाधरी

पार्थ गुप्ता
उपायुक्त
यमुनानगर

श्री राजीव देसवाल
पुलिस अधीक्षक
यमुनानगर

श्री सोनू राम
S. D. M.
यमुनानगर

श्री पीयूश गुप्ता
C. T. M.
यमुनानगर

डा. मनोज कुमार
DPRO
यमुनानगर

मैडम नेहा सिंह
उपायुक्त
कुरुक्षेत्र

श्री वरुण सिंगला
पुलिस अधीक्षक
कुरुक्षेत्र

श्री संजय रावल
G.M. Hr. Roadways
यमुनानगर

स. नरेन्द्र सिंह
DPRO
कुरुक्षेत्र

श्री कुशल पाल सिंह
SHO Traffic
यमुनानगर

मदर मेरी चैरिटी होम के द्वारा स्वच्छ भारत जागरूकता रैली निकाली गई।

यमुना संदेश : विक्रम सिंहः– मदर मैरी चैरिटी हम संस्था के द्वारा नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के सहयोग से एक विशाल स्वच्छ भारत जागरूकता रैली का आयोजन यमुनानगर में किया गया जिसमें नव प्रभात सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसंत नगर जगाधरी के स्कूली बच्चों व अध्यापकों व अन्य गण मान्य व्यक्तियों के द्वारा रैली में भाग लिया गया इसके बारे में जानकारी देते हुए संस्था के डायरेक्टर विक्रम सिंह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के यमुनानगर आगमन पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष खुशी व चेयरमैन डॉ अनिल अग्रवाल के अध्यक्षता में यह रैली नव प्रभात सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसंत नगर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए सिविल हॉस्पिटल यमुनानगर के सामने से वापस स्कूल में संपन्न हुई रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि नवनियुक्त मेयर श्रीमती सुमन बहमनी व डिप्टी नगर निगम कॉमिश्नर अरुण भार्गव संयुक्त कमिश्नर नगर निगम धीरज कुमार व विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल अग्रवाल लक्ष्मण विनायक सुंदर प्रताप नारंग योगेंद्र चौहान बी एस कल्याण एडवोकेट वी पी एस संधू चंद्रकांत मेहता प्रमोद कुमार रघुवीर कंबोज करण मेहता सीनियर सिटीजन क्लब के प्रधान बृजपाल हिमांशु स्कूल के प्रिंसिपल श्याम सुंदर शर्मा श्रीमती उषा शर्मा मास्टर गुलशन ईश्वर चंद, ऐश्वर्या कौशिक, वीरेंद्र त्यागी, संजीव ओबेरॉय, सत्यम नागपाल अतुल भारद्वाज प्रमोद कुमार आदि के द्वारा स्वछता रैली को झंडी दिखाकर किया गया। रैली के दौरान सभी ने आने जाने वाले आम नागरिकों को व दुकानदारों को आपने आसपास सफाई को बनाय रखने व गीला व सूखा कचरा अलग अलग करने उसे निस्तारित करने का सन्देश दिया। मुख्य अतिथि मेयर श्री मति सुमन बेहमनी ने कहा की देश के प्रधान मंत्री यमुनानगर में पहुंच रहे है उनके स्वागत के उदेश्य से पुरे प्रदेश में स्वछता उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है जिसमें मदर मेरी चैरिटी होम समाज सेवी संस्था के द्वारा स्कूल के साथ मिलकर सभी को स्वछता के प्रति लोगो को जागरूक किया जा रहा है जो की एक बेहतरीन कार्य संस्था के द्वारा किया जा रहा है। इस मोके पर संयुक्त नगर निगम कॉमिश्नर धीरज कुमार ने कहा की सभी आपके घरो व कार्यस्थलो पर हरा व नीला कूड़ा दान रखना चाहिए जिसमें गीला व सूखा कूड़ा करकट अलग अलग करके रखना चाहिए व सभी पर्यावरण को बचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करना चाहिए। पॉलीथिन के प्रयोग से भी सभी को बचना चाहिए। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट भी संस्था के द्वारा प्रदान किये गए। संस्था के चेयरमेन डॉ अनिल अग्रवाल के द्वारा रैली में आए हुऐ सभी गणमान्य व अतिथि गणो को पुष्पगुछ देकर स्वागत किया गया व इस मोके पर स्वच्छ यमुनानगर जगाधरी का केक काटकर सभी को आपने आसपास सफाई व्यवस्था बनाय रखने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर ज्योति शर्मा, सुदेश सुमन पूनम सिमरनजीत दीपशिखा निशा आदि उपस्थित थे।

यमुना संदेश

खबरें एवं विज्ञापन देने के लिये सम्पर्क करें
(M) : 9315555560, 9468091563 , 9355777739

भाजपा प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता ने पीएम रैली स्थल कैल बायपास का भाजपा नेताओं के साथ किया निरीक्षण,दिए आवश्यक दिशा निर्देश

यमुना संदेश सत्यम नागपाल :– भाजपा प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 14 अप्रैल की जिला यमुनानगर के कैल बायपास में होने वाली विशाल रैली के लिए रैली स्थल का दौरा किया उनके साथ विधायक घनश्याम दास अरोड़ा भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, मेयर सुमन बहमनी, पूर्व मेयर मदन चौहान, पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आंनद,प्रदेश आईटी प्रमुख आदित्य चावला, जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला ,जिला महामंत्री सुरेन्द्र बनकट, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग,रोचक गर्ग,जोनी राणा,अमन सग्गर, निश्चल चौधरी, प्रीति जौहर, पुनित बिंदल, सर्वजीत रघुवंशी, रणधीर राणा,पवन गोयल साथ रहे।भाजपा की प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के कार्यक्रम के आयोजन में किसी प्रकार की कमी न रहे इसके लिए भाजपा जिला यमुनानगर संगठन के पदाधिकारीयों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए और सभी तैयारियें को गंभीरता से अंतिम रूप दिया।भाजपा प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता ने पंडाल से लेकर प्रधानमंत्री के आगमन रूट तक सभी प्रमुख बिंदुओं पर भाजपा पदाधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए। प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता ने वीवीआईपी, वीआईपी , महिला ब्लॉक, युवा ब्लॉक,आगंतुकों के प्रवेश द्वार, उनके बैठने की व्यवस्था, मंच की संरचना, मीडिया सैंटर, मीडिया गैलरी,मंच पर बैठने वाले विशिष्ट अतिथियों के पास, तथा पंडाल में प्रवेश की समुचित योजना पर विशेष ध्यान देने को कहा। भाजपा प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता ने कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, विद्युत, शौचालय आदि की सभी मूलभूत सुविधाएं सुलभ हो इसके लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मुख्य मंच के साथ–साथ एक सांस्कृतिक मंच भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला यमुनानगर के विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं और सभी भाजपा पदाधिकारी अपनी ड्यूटी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएं।भाजपा प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिला यमुनानगर के कैल बाय पास में 800 मेगा वाट की थर्मल यूनिट का शिलान्यास करने आ रहे हैं जिसकी लागत लगभग 7300 करोड रुपए है, यह बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है जिससे रोजगार व व्यापार के क्षेत्र में बहुत अत्यधिक वृद्धि होगी एवं हरियाणा को लोगों को अत्यधिक बिजली भी प्राप्त होगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर जरूरतमंद व्यक्ति के बारे में सोचते हैं और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह से कार्यरत हैं ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरे विश्व में डंका बज रहा है ,प्रधानमंत्री की यमुनानगर रैली में 12 जिलों से लोग शिरकत करेंगे उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में रैली स्थल पर पहुंचने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ रही है मुख्यमंत्री जन हितैषी फैसले लेकर लगातार भाजपा सरकार को मजबूत करने में लगे हुए हैं।भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने जानकारी दी कि भाजपा ने अलग–अलग 21 व्यवस्थाओं के लिए अलग–अलग पदाधिकारीयों की नियुक्ति कर दी है जो कि प्रशासन का हर व्यवस्था में सहयोग करेंगे ।जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के बैठने के लिए अलग से विशेष ब्लॉक तैयार किए गए हैं । रैली में प्रवेश के लिए लगभग 50 एंट्री पॉइंट बनाए गए हैं जिनमें से 20 एंट्री पॉइंट महिलाओं के लिए व 30 एंट्री पॉइंट पुरूषों के लिए रहेंगे।रैली में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए जल व भोजन का विशेष तौर पर प्रबंध किया गया है ,गर्मी की अधिकता को देखते हुए पूरे पंडाल में जगह–जगह कूलरों का इंतजाम किया गया है। रैली स्थल पर हर ब्लॉक में पानी की विशेष तौर पर व्यवस्था रहेगी पूरे पंडाल में जगह–जगह पानी के मटके भी रखे जाएंगे। जिला यमुनानगर की चारों विधानसभा क्षेत्रों से लगभग 500 बसों व हजारों निजी वाहनों से लोग रैली स्थल पर पहुंचेंगें।भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी व पीएम नरेंद्र मोदी की कैल बायपास रैली की भाजपा संगठन की ओर से मीडिया व्यवस्था देख रहे कपिल मनीष गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि मीडिया के साथियों के लिए रैली की कवरेज करने हेतु मीडिया के साथियों के लिए एक अत्याधुनिक मीडिया सेंटर भी रैली स्थल पर बनाया गया है जिसमें हर प्रकार की आधुनिक सुविधा लैपटॉप, बिजली, बैठने का प्रबंध,वाई–फाई ,जलपान का विशेष तौर पर प्रबंध रहेगा इसके साथ–साथ रैली स्थल पर मीडिया के साथियों के लिए मीडिया गैलरी भी बनाई गई है ताकि रैली से संबंधित न्यूज़ जल्द से जल्द आम जनता तक पहुंचती रहे। भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि सभी भाजपा पदाधिकारी संगठन द्वारा लगाई गई ड्यूटी को पूरे निष्ठा एवं मेहनत के साथ निभाए, यह एक ऐतिहासिक अवसर है जब देश के प्रधानमंत्री जिला यमुनानगर में 11 वर्षों के उपरांत आ रहे हैं इस कार्यक्रम की सफलता की गूंज हरियाणा सहित पूरे भारतवर्ष में होनी चाहिए।

प्रधानमंत्री को हरियाणा दौरे पर हरियाणा को देना चाहिए विशेष पैकेजः कुमारी शैलजा

हरियाणा में कानून व्यवस्था का बुरा हाल, बेरोजगार युवा हुआ दिशाहीन होकर नशे की तरफ अग्रसर : शैलजा
हरियाणा में उद्योग व्यापार तबाही के कगार पर संगठन जल्दी घोषित होना चाहिए इससे कार्यक्रम कर्ताओं का मनोबल बढ़ता है

यमुना संदेश नितिन नागनाल :. यमुनानगर पहुंची कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद कुमारी शैलजा का कहना है कि प्रधानमंत्री हरियाणा के दौरे पर आ रहे हैं इस अवसर पर उन्हें हरियाणा के लिए विशेष पैकेज घोषित करना चाहिए ।हरियाणा के युवाओं को नौकरी मिले, कानून व्यवस्था ठीक हो। इस तरह के इंतजाम होने चाहिए। यमुनानगर में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश काका और अनिल गोयल द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में बोलते हुए कुमारी शैलजा ने कहा कि हरियाणा में बीजेपी की सरकार आने के 10 वर्ष में बिजली का एक भी संयत्र नहीं लगाया गया। अब प्रधानमंत्री 800 मेगावाट की यूनिट का शिलान्यास करने आ रहे हैं, उम्मीद करते हैं कि इलाके को फायदा होगा ।उन्होंने कहा कि थर्मल से उड़ने वाली राख को लेकर भी अभी तक कोई हल नहीं निकल गया है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर इंडस्ट्रियल टाउन है, जहां मेटल और प्लाईवुड का कारोबार था। लेकिन आज सरकार की लापरवाहियों के कारण यह उद्योग समाप्ति के कगार पर है। प्रधानमंत्री को उनके लिए कोई पैकेज घोषित करना चाहिए ।उन्होंने भाजपा नेताओं के ट्रिपल इंजन सरकार के दावे को खोखला बताते हुए कहा कि यह धीमी गति के समाचारों वाली सरकार है, काम होते नहीं है झूठे प्रचार करते हैं।
हरियाणा की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है ,कानून व्यवस्था का दीवाना निकल चुका है। बेरोजगार युवा दिशाहीन होकर नशे की तरफ अग्रसर है। सरकार ने बेरोजगारों को रोजगार देने का वादा किया था अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई।उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा में जुमलेबाजी वाली सरकार है, जो वादे किए थे उन्हें पूरा नहीं किया गया है ।

हरियाणा नेता विपक्ष घोषित करने और कांग्रेस के संगठन को लेकर उन्होंने कहा कि यह देखना पार्टी हाई कमान का काम है। उन्होंने माना कि संगठन जल्दी घोषित होना चाहिए इससे कार्यक्रम कर्ताओं का मनोबल बढ़ता है ।

शैलजा का कहना है कि एक राष्ट्र एक चुनाव और वक्फ बोर्ड जुमला है, वास्तव में केंद्र सरकार देश की समस्याओं से ध्यान हटाना चाहती है।
उन्होंने कहा कि हरियाणा में सरकारी स्कूलों को मजबूत किया जाना चाहिए निजी स्कूलों की मनमानी समाप्त होनी चाहिए। क्योंकि गरीब का बच्चा सरकारी स्कूलों में ही पढ़ने को मजबूर है ।वहीं उन्होंने कहा कि कौशल रोजगार नियम में भी भेदभाव और मनमानी जारी है। यहां बेरोजगारों से मजाक किया जाता है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर एक स्कैम है बिजली के रेट बढ़ा दिए गए हैं। और अब भाजपा नेता कहते हैं कि कांग्रेस के समय में 11 बार रेट बड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कब तक कांग्रेस को रोते रहेंगे, आप अपने समय में क्या किया वह जनता को बताएं।बॉक्स आज के कार्यक्रमों के आयोजक राकेश काका और अनिल गोयल को 2 मार्च को पार्टी से निकाल दिया गया था, के सवाल के जवाब में शैलजा ने कहा कि यह पक्के कांग्रेसी हैं, और कांग्रेस का हिस्सा है। इसी बीच हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान ने आज ही इन दोनों नेताओं के पार्टी से निष्कासन को रद्द करते हुए एक पत्र जारी किया है। जिसका दोनों कांग्रेसी नेता राकेश काका एवं अनिल गोयल ने स्वागत किया ।उन्होंने कहा कि वह पहले ही कांग्रेस के लिए काम कर रहे थे और आगे भी कांग्रेस के लिए काम करते रहेंगे।

यमुना संदेश

खबरें एवं विज्ञापन देने के लिये सम्पर्क करें
(M) : 9315555560, 9468091563 , 9355777739

साइक्लोथॉन रैली 2.0 –चलो साइकिल की ओर, हटो नशे की राह से 18 व 19 अप्रैल 2025 को यमुनानगर में होगा आयोजन

यमुना संदेश नितिन नागपाल :– अप्रैल–स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने और नशे के दुष्प्रभावों से लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यमुनानगर में साइक्लोथॉन रैली 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 18 व 19 अप्रैल को पूरे जिले में उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी ने बताया कि साइकिल चलाना केवल एक व्यायाम नहीं, यह जीवन को ऊर्जा और संतुलन देने वाला साधन है। युवा वर्ग को इससे जोड़ना समय की जरूरत है। साइक्लोथॉन नशे के खिलाफ हमारी सोच, ताकत और एकजुटता का प्रतीक है। आइए हम सब मिलकर इस मुहिम को सफल बनाएं और खुद को एक बेहतर जीवन की ओर मोड़ें। डॉ. चौधरी ने जिलेवासियों से आग्रह किया कि वे इस रैली में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने दोस्तों, परिवार व सहयोगियों को भी प्रेरित करें। रैली में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पंजीकरण हेतु *लिंक 'ीजजचेः//नकंल.ींतलंदं.हवअ.पद/ ।दजपक्तनह–ब्लबसवजीवद* इस आयोजन के ज़रिए जिला यमुनानगर स्वास्थ्य, सहयोग और जागरूकता का नया संदेश पूरे प्रदेश में देना चाहता है। हम हैं तैयार – स्वस्थ समाज के लिए एक और प्रयास।

स्वच्छ भारत मिशन के उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री कार्यक्रम स्थल का दौरा कर सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने कार्यक्रम स्थल पर ली नगर निगम के अधिकारियों व सफाई कर्मचारियों की बैठक।

यमुना संदेश खुशीः– 12 अप्रैल–स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शिलान्यास कार्यक्रम स्थल का दौरा कर कार्यक्रम स्थल पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही नगर निगम के अधिकारियों व सफाई कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता के उच्च मानकों का पालन किया जाए। उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने कार्यक्रम स्थल के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया, जिसमें सभा स्थल, प्रवेश और निकास द्वार, पार्किंग क्षेत्र और अन्य सार्वजनिक उपयोग के स्थान शामिल थे। उन्होंने सफाई कर्मचारियों और कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बातचीत की ताकि सफाई व्यवस्था की तैयारियों और आवश्यकताओं को समझा जा सके। बैठक में उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने सफाई कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और उन्हें आगामी कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि ये सभी सुविधाएं पर्याप्त संख्या में हों और सुचारू रूप से काम करें ताकि कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया और उन्होंने कहा कि एक स्वच्छ वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यह कार्यक्रम की सफलता में भी योगदान देता है। स्वच्छता मिशन यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है कि कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता के उच्चतम मानकों को बनाए रखा जाए और सभी आगंतुकों को एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिले।

अतिरिक्त निगम आयुक्त स्पेशल ड्यूटी धीरज कुमार ने कहा प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम को लेकर स्वच्छता संबंधी सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है पिछले 15 दिनों से शहर में वह कार्यक्रम स्थल के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत शहर में सभी स्थानों पर सफाई की जा रही है।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में चल रहा स्वच्छता अभियान, स्वच्छ भारत न केवल एक सरकारी पहल है, बल्कि यह एक जन आंदोलन बन चुका है, जिसका लक्ष्य भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम को लेकर शहर में सफाई के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। सडकों के साथ अन्य स्थानों पर भी सफाई अभियान चलाया जा रहे हैं व शहर को सुंदर बनाने का काम किया जा रहा है। आज यमुनानगर 5 लाख लोगों के सपनों का शहर बन गया है, निगम के कर्मचारी इस कार्य में दिन–रात मेहनत से कार्य कर रहे हैं।

यमुना संदेश

खबरें एवं विज्ञापन देने के लिये सम्पर्क करें
(M) : 9315555560, 9468091563 , 9355777739

यमुना संदेश विक्रम सिंह :– रैली में पहुंचने वाले वाहनों के रास्ते और पार्किंग को लेकर किए गए पुख्ता इंतजाम– डीसी पार्थ गुप्ता

जिला वार रास्ता और पार्किंग स्थल मैप में दर्शाया गया व एडवाइजरी जारी

यमुनानगर, 12 अप्रैल–उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि 14 अप्रैल सोमवार को गांव कैल में देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी रैली में आएंगे। रैली में पहुंचने वाले वाहनों के रास्ते और पार्किंग को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रैली में आने वाले वाहनों को ट्रैफिक जाम का सामना न करना पड़े, उसके लिए जिला वार रास्ता और पार्किंग स्थल मैप में दर्शाया गया है और एडवाइजरी जारी की गई है। उपायुक्त ने बताया कि कैथल, पिहोवा, इस्माईलाबाद, थानेसर, बबैन, शाहाबाद से आने वाले वाहन अधोया, थाना छप्पर होते हुए आएंगे और अपने वाहनों को बाईं तरफ की पार्किंग नंबर–2 में पार्क करेंगे तथा अंबाला व पंचकूला की तरफ से आने वाले वाहन अपने वाहनों को बाईं तरफ की पार्किंग नंबर–2 में पार्क करेंगे। इसी प्रकार पानीपत, करनाल और लाडवा से आने वाले वाहन रादौर की तरफ से आएंगे और अपने वाहनों को बाईं तरफ की पार्किंग नंबर –4 में पार्क करेंगे तथा पलवल, फरीदाबाद, सोनीपत और समालखा से आने वाले वाहन सिवाह (पानीपत), शामली, थानाभवन, सहारनपुर, सरसावा होते हुए यमुनानगर आएंगे और अपने वाहनों को बाईं तरफ की पार्किंग नंबर–4 में पार्क करेंगे। उन्होंने बताया कि सहारनपुर, प्रताप नगर, छछरौली, व्यासपुर, नारायणगढ़, जगाधरी व यमुनानगर से आने वाले वाहन अपने वाहनों को दाहिनी तरफ की पार्किंग नंबर–3 में पार्क करेंगे।

उन्होंने बताया कि रैली में पहुंचने वाले वाहन चालकों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े इसलिए जगह जगह पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि https://acrobat.adobe.com/id/urn:aaid:sc:AP:c90086a9-0572-43df-83d7-6516832e601f इस लिंक को खोलने पर ट्रैफिक एडवाइजरी प्लान मैप के माध्यम से पार्किंग स्थल पर आसानी से पहुंचा जा सकता है।

M. 7015811545
9355009777

Guru Ji

M. 8929540004
@nagpal4645

DREAM
CUSTOMS
@dreamcustomsoffcial

#361, Block-F, Professor Colony, Ynr.

Bike Modification, Custom Lights,
Taping, Stickers, Horns, Led Lights
& Car Accessories

हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप के संस्थापक श्री नरेंद्र सही जी, सत्यम नागपाल जी, प्रमोद कुमार जी, और कामना अग्रवाल जी ने सिविल हॉस्पिटल यमुनानगर में CMO के पद पर डॉ. पूनम चौधरी जी के कार्यभार संभालने पर बधाई दी। इस अवसर पर, हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप के सदस्यों ने डॉ. चौधरी के स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित लोग: नरेंद्र सही हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप के संस्थापक सत्यम नागपाल जी: हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप के सदस्य प्रमोद कुमार हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप के सदस्य कामना अग्रवाल जी: हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप की सदस्य हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप के सदस्यों ने डॉ. पूनम चौधरी जी को बधाई देकर उनके कार्यों को प्रोत्साहित करने और स्वास्थ्य सेवाओं में उनके योगदान को मान्यता देने का प्रयास किया।

यमुना संदेश

खबरें एवं विज्ञापन देने के लिये सम्पर्क करें
(M) : 9315555560, 9468091563 , 9355777739

यमुना संदेश सुशील कुमार :- दिनांक 11 अप्रैल 25 को अपराध अन्वेषण शाखा–1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के मार्ग–निर्देश में उप निरीक्षक सुदेश, पीएसआई जसबीर सिंह, नरेश कुमार, मुख्य सिपाही पवन कुमार व संदीप कुमार की टीम ने युवक को किडनैप करके हन्नीट्रैप में फ़साने तथा लूट मामले के एक और आरोपी लखविन्द्र सिंह वासी बाबैन जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से 5 हजार रुपये बरामद हुए। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश कारागार भेज दिया ।

युवा शक्तिः विकसित भारत विषय पर स्लोगन लेखान में सान्वी ने मारी बाजी

यमुना संदेश संजीव ओबराय:– डीएवी गर्ल्स कॉलेज की एनसीसी यूनिट की ओर से युवा शक्तिः विकसित भारत विषय पर स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी यमुनानगर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह, एडम आफिसर कर्नल जितेद्रं दहिया व सुबेदार मेजर जसवंत सिंह के दिशा निर्देश पर हुआ। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ सुरिंद्र कौर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रतियोगिता में कैडेट सान्वी ने पहला, देवकी ने दूसरा तथा रोशनी ने तीसरा स्थान अर्जित किया। विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। मेजर गीता शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की रीढ है। युवा जितना सशक्त होगा, राष्ट्र उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने में योगदान दें। साथ ही युवा स्वावलंबी बनें और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य करें। ताकि देश को मजबूती प्रदान की जा सकें। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं को बेहतर नागरिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। कैडेट्स को आत्मरक्षा के साथ–साथ देशभक्ति की भावना को विकसित करने की प्रैक्टिल ट्रेनिंग दी जाती है।

यमुना संदेश दिव्या सिंगला 11 अप्रैल–जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के सभागार में डा. भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में बार एसोसिएशन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि माननीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगजीत सिंह अन्य सभी जज साहिबान व राजबीर सिंह, अध्यक्ष उपभोक्ता फोरम, जिला यमुनानगर सम्मलित हुए। जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के प्रधान विक्रांत सिंह चौहान ने अपनी पूरी कार्यकारिणी के साथ कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया।

माननीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगजीत सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बार एसोसिएशन के प्रधान विक्रांत सिंह चौहान ने भी डा. भीमराव अम्बेडकर जी की जीवनी पर प्रकाश डाला और बताया कि डा. भीमराव अम्बेडकर जी का जीवन बहुत ही सादगी पूर्ण था उन्होने अपने जीवन में बहुत संघर्ष कर पढ़ाई की और सफलता की ऊंचाइयों को छुआ और समाज कल्याण के लिए अनेक कार्य किये और भारतीय संविधान निर्माण में मुख्य भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में पवन चौधरी, राकेश बरवाल, पंकज शर्मा, पवन कुमार करेड़ा आदि अन्य अधिवक्ताओं ने डा. भीमराव अम्बेडकर जी के जीवन के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी जज साहिबान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम में जगाधरी बार के सदस्य विजय कुमार चौधरी व आदित्य प्रताप को बार कौंसिल ऑफ पंजाब एण्ड हरियाणा के सह–मनोनित सदस्य बनने पर पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन उप–प्रधान सोनिया रोहिल्ला ने किया।

इस अवसर पर विजय कुमार गौतम, विजय चौधरी, मामचंद, गुरमुख सिंह, ब्रिजेश प्रताप, अनिल अग्रवाल, नरेश खुराना, रीतेश गोयल, नितेश बंसल, राजबीर पीर माजरा, भंवर सिंह, कंवर भान मैहता, कुलदीप सिंह चौहान, जसबीर सिंह बालियान, राजबाला ग्रेवाल, राजनीष बाला, अजय शाडिल्य, श्याम चंद गर्ग, मनोज कुमार, मांगे राम पंवार व मोहम्मद कुरबान खान आदि अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

यमुना संदेश पंजाब एवं आसपास के समाचार

बैसाखी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

Harjit Singh Lucky
President Press Club
Derabassi (Pb.)

Gagandeep Singh
Reporter
Mohali (Pb.)

Balvinder Singh
Sr. Journalist
Derabassi (Pb.)

Sumeet Mor
SHO
Derabassi (Pb.)

Gurmeet Singh
Reporter
Derabassi (Pb.)

Ranjan Bharti
Correspondent
New Delhi

Kamaljeet Singh
Sunder Paint & Sanitary
Store, Derabassi (Pb.)

Satinder Kaur
Reporter
Mohali (Pb.)

Gaurav Goyal
Sr. Journalist
Derabassi (Pb.)

Laxman Vinayak
Vice Chairman
Mother Mary Charity Home

Gurpreet
Reporter
Derabassi (Pb.)

Nitin Kansal
Cameraman
Derabassi (Pb.)

Daljeet Singh
Correspondent
Derabassi (Pb.)

Tanishk Narula
Correspondent
Derabassi (Pb.)

Ajay Thakur
Reporter
Zirakpur (Pb.)

Pooja Saini
Reporter
Zirakpur (Pb.)

Rohit Kaumar
Reporter
Bhatinda (Pb.)

Narender Bakshi
Journalist

Rajeev Verma
Corespondent

Sukhwinder Singh
Corespondent

Naresh Kumar Soni
Journalist, Suratgarh

Deepak Narula
Reporter, Derabassi

Rakesh Arora
Corespondent, Derabassi

Ranjit Singh
Journalist

Bal Kishan Aneja
Reporter, Jgd.

जरूरी सूचना यमुना संदेश राष्ट्रीय समाचार हिंदी आपके शहर डेरा बसी पंजाब में इसका ब्रांच कार्यालय एड्रेस, गली नंबर 6, डेराबस्सी पंजाब में खुल चुका है किसी को भी किसी प्रकार की कोई भी समस्या हमारे कार्यालय में जाकर संपर्क कर सकते हैं विज्ञापन के लिए संपर्क करें आपको हम दिए नंबर पर बता रहे हैं 9417991 603 इसके जो इंचार्ज वहां के हैं बलविंदर सिंह हेड अहफिस कार्यालय यमुनानगर 367 , एफ, प्रोफेसर कहलोनी मुख्य संपादक सत्यम नागपाल कांटेक्ट नंबर 9728779291, 9355 777 7739

यमुना संदेश समस्त पत्रकारों की ओर से

बैसाखी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


Manish Grover
Journalist, Sirsa

Sam Ali
Sub Editor, Delhi

Shalu Nagpal
Media Co-ordinator

Pawan Uppal
Social Worker

Dr. Geeta Beniwal
B.A.M.S. Jagadhri

Rozy Saini
Correspondent
Derabassi

Sunil Kumar
Journalist, Bilaspur

Vishwajit Singh
Reporter, Jagadhri

Shivam
Correspondent, Jgd.

Anil Arora
Journalist, New Delhi

Gurmeet Singh Chhatwal
Journalist, Yamuna Nagar

Pratibha
Registrar, Hr.Eng.College, Jgd.

Bhawna Mehta
Social Worker, Gohana

Dr. Lalit Kumar
Lawyer, Jaipur

Vinod Dhiman
Journalist

Jagdeep Khanna
Haridwar 9760355982
(Khanna Ayurvedic)

Muskan Singh
Model & Actress


Balwinder Kaur
Reporter, Noorpur

Chakshu Sharma
Reporter, Dharuhera

Hardik Sukhija
Social Worker, Jgd.

Dr. Vibha Gupta
Ex. Principal D.A.V. Girls Collage

SANJEEV CHAUHAN
EXECUTIVE MEMBER
INDIAN MEDIA CENTRE (HARYANA)

ANIL ARORA (Director) M. 99992 28352
Chetan Advertising

Taranjeet Singh

Jatinder Singh

M/s HARNAM SINGH & SONS
DEARABASSI (PUNJAB)

Lal Singh
Correspondent
JAGADHRI

Sonu kumar
Correspondent
ZIRAKPUR

Sonia Sharma
Correspondent
ZIRAKPUR



यमुना संदेश देश एवं विदेश के समाचार

Dr. Vijay Dahiya
Petron
Ex. CMO, YAMUNANAGAR

बैसाखी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

Anil Gupta
News Editor

Amit Mankat
National President
Anti Corruption
& Crime Prevention

Vikram Singh
Sub Editor

Dr. Harsh Kapoor
State Head (MP)



Nitin Nagpal
PRO

Manish Arora
Journalist, Ynr.

Kaushal Kumar
Advocate

Sahab Singh Gujjar
Advocate

Parmod Kumar
Journalist, Ynr.

Virender Tyagi
State President
India Media Centre

Sanjeev Oberoi
Journalist, Ynr.

Sunder Partap
Journalist, Ynr.

Divya Singhal
Journalist, Jgd.

Gurmeet Sigh Chawla
Stand Up Comedian
(Junior Jaspal Bhatti)

Khushi
Journalist,
(Advisor) Jgd.

Vaishnavi Takkar
Social Worker
Model & Makeup Artist

Rajni Soni
Distt. President
India Media Centre



Shushil Kaushik
Beauro Chief
(Kurukshetra)

यमुना संदेशः– सत्यम नागपाल एसडी इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी जगाधरी में आयोजित रोजगार मेले में 197 छात्रों को किया शॉर्टलिस्ट

एसडी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी जगाधरी और जिला रोजगार कार्यालय यमुनानगर दवारा मिल कर हर वर्ष की तरह इस साल भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें एमबीए, बीबीए , एमसीए, बीसीए, बीकॉम ,बीएससी ,बीए , ऍम काम, और एम ए के छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, इस में 15 से ज्यादा कॉलेजों के अन्य विद्यार्थियों ने भी भाग लिया । इस दौरान संस्था की निदेशिका डॉ. शैली गुप्ता ने बताया कि इस कैम्पस प्लेसमेंन्ट में केवल उन्हीं छात्रों के लिये आयोजित किया गया था जो अंतिम सत्र में अध्ययनरत है। जिसमें स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। देश के कई नामी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने छात्रों का साक्षात्कार लिया। संस्था की निदेशिका डॉ. शैली गुप्ता ने रोजगार मेले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कैम्पस प्लेसमेंट कराने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर मुहैया कराने के साथ–साथ उन्हें उचित मार्गदर्शन देना है। उन्होंने बताया कि नई –नई कंपनियां आने से छात्र–छात्राओं के लिए रोजगार के अवसरों में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ शिल्पा जैन डॉ शिल्पा जैन ने बताया कि इंस्टीट्यूट के द्वारा आयोजित ग्यारहवें रोजगार मेले में जेनपेक्ट ,एच डी एफ सी बैंक , बजाज एलियांज, आई प्रोसेस सर्विसेज, रैंडस्टैड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड , सर्वोदय वेंचर्स , इंडसइंड बैंक, टेक्नोलिट एफ्लुएन्ज़ा प्राइवेट लिमिटेड, के साथ तमाम अन्य जाने–माने ग्रुप मौजूद थे। संस्थान द्वारा आयोजित इस कैम्पस प्लैसमेंट में संस्थान सहित अन्य संस्थानों से आये 450 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कंपनियों द्वारा 197 छात्रों शॉर्टलिस्ट किया गया. सभी कंपनियों ने बताया की फ़ाइनल राउण्ड का इंटरव्यू बच्चो को उनके अपने ऑफिस में बुला कर किया जायेगा । बीबीए एचओडी डॉ रेखा राठौर ने बताया रोजगार मेले का समापन शांतिपूर्वक रहा।

संस्थान की प्रबंधक कमेटी के सभी प्रतिनिधियों ने कैम्पस प्लेसमेंन्ट के जरिये शॉर्टलिस्ट छात्र– छात्राओं को बधाई देते हुए बताया कि संस्थान छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए इस तरह के कैम्पस प्लेसमेंन्ट का आयोजन समय समय पर करती रही है और आगे भी करती रहेंगी, ताकि छात्रों को रोजगार के अवसर समय रहते मुहैया कराया जा सकें।

Anita
Journalist, Jgd.

Madan Mohan Chhabra
Chairman, KDB, KKR

B.S. KALYAN
Advisor

AMAR
THE JEWELLERS
M. 93010-00087
M. 98968-90946
NEAR PYARA CHOWK , YAMUNANAGAR-135001 (HARYANA

स्वामी, संपादक/ प्रकाशक एवं मुद्रक सत्यम नागपाल द्वारा अभि आफसेट, रेलवे माल गोदाम रोड़, यमुना नगर हरियाणा से मुद्रित तथा मकान नं. 367-एफ, प्रोफेसर कालोनी, यमुनानगर-135001 हरियाणा से प्रकाशित